वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान (वैमनीकाम), पुणे

(कृषि एवं सहकारिता विभाग की अनुदान प्राप्त संस्था)

में निदेशक के पद हेतु आवेदन आमंत्रित हैं

पद की संख्या : एक (1)

वेतनमान : ₹ 37400 – 67000 (पे बैंड 4) ₹ 10,000 के ग्रेड पे सहित इसके अतिरिक्त एनसीसीटी के नियमानुसार अन्य भत्ते जो भारत सरकार के समतुल्य हैं

आयु : 45–50 वर्ष के मध्य दिनांक 15 फरवरी 2012 तक

अनिवार्य अर्हताएं : समाज विज्ञान/अर्थशास्त्र/वाणिज्य में मास्टर डिग्री/उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धियों सहित एमबीए, पीएचडी डिग्री को वरीयता, केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सहकारी संगठनों के उपयुक्त अधिकारियों की अर्हता के संबंध में छूट देने पर विचार किया जा सकता है।

अनुभव : प्रशासन/प्रबंधन संबंधी अकाद्मिक लाइन/अनुसंधान संस्थान/सरकार में वरिष्ठ पद पर न्यूनतम 15 वर्षो का अनुभव, सहकारी संगठनों/केंद्र/राज्य सरकार में वरिष्ठ पद पर कार्य करने वाले अधिकारियों को वरीयता दी जाएगी।

सामान्य शर्तें

1. वेतन तथा भत्ते एनसीसीटी के नियमानुसार स्वीकार्य होंगे।
2. अंशदायी पैंशन/सीपीएफ एनसीसीटी के नियमानुसार लागू होंगे।
3. पहले से सेवारत उम्मीदवार अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजें।
4. अजा/अजजा/अपिव/शावि हेतु आयु सीमा में छूट भारत सरकार के नियमानुसार देय होगी।
5. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति सीधी भर्त्ती या प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा के आधार पर, जैसा भी चयन समिति द्वारा तय किया जाएगा, की जा सकती है।

इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन–नाम, आवेदित पद का नाम, जन्म तिथि, पता, क्या अजा/अजजा/शावि से संबंधित हैं, अर्हताएं, अनुभव, भाषा ज्ञान तथा पासपोर्ट आकार की फोटो (जो आवेदन पत्र के दाएं तरफ ऊपर चिपकाई जाएगी) आयु, अर्हता एवं अनुभव आदि के साक्ष्यांकित कागजातों सहित एवं अन्य संबंधित सूचना के विस्तृत विवरण लिखकर दिनांक 15 फरवरी 2012 तक भेजें। अपूर्ण आवेदनों तथा बगैर फोटो वाले तथा बगैर प्रमाण पत्रों की साक्ष्यांकित प्रतियों वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन उचित माध्यम द्वारा निम्नांकित पते पर भेजे :–

पी. संपत, निदेशक (सहकारिता)
कृषि मंत्रालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग,
कमरा नः 37, कृषि भवन, नई दिल्ली 110001

आवेदित पद का नाम आवेदन पत्र के साथ–साथ लिफाफे पर भी लिखा जाना चाहिए।